**प्रादेशिक समाचार एकांश**
**आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)**

**18.45 शुक्रवार** **दिनांक 28.08.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

- **जन–धन योजना के बारह वर्ष पूरे–प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पिछले बारह वर्षों में जन धन योजना के परिणामों का प्रभाव बेमिसाल है।**
- **इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में पेपर लीक मामले में बीएससी कृषि प्रथम वर्ष के द्वितीय सेमेस्टर की 'फंडामेंटल्स ऑफ जेनेटिक्स' परीक्षा निरस्त–एफआईआर दर्ज।**
- **भाई–बहन के पवित्र स्नेह का प्रतीक रक्षाबंधन का त्यौहार आज छत्तीसगढ़ सहित देशभर में उत्साह और उमंग के साथ मनाया जा रहा है।**
- **मौसम विभाग ने प्रदेश में अगले चौबीस घंटों के दौरान एक–दो स्थानों पर भारी वर्षा होने और आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी दी।**

**प्रधानमंत्री जन धन योजना**

प्रधानमंत्री जन धन योजना के बारह वर्ष पूरे हो गए हैं। यह देष में वित्तीय समावेषन के परिदृष्य को बदलने की दिषा में एक अहम पड़ाव है। इस योजना की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष दो हजार चौदह में आज ही के दिन की थी। बारह वर्षों में, इस योजना ने विषेष रूप से वंचित समुदायों के लिए औपचारिक बैंकिंग, ऋण, बीमा, पेंषन और डिजिटल भुगतान तक पहुंच का विस्तार किया है। प्रधानमंत्री जन धन योजना के तहत अब तक उनसठ करोड़ से अधिक खाते खोले जा चुके हैं, जिनमें बत्तीस करोड़ बयानबें लाख महिला लाभार्थी हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पिछले बारह वर्षों में जन धन योजना के अभूतपूर्व परिवर्तनकारी परिणामों का प्रभाव बेमिसाल है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि जन धन योजना, वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने और देश के लोगों को सक्षम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

**पेपर लीक–एफआईआर**

इंदिरा गांधी कृषि विष्वविद्यालय में पेपर लीक का मामला सामने आने के बाद विष्वविद्यालय प्रबंधन ने बीएससी कृषि प्रथम वर्ष के द्वितीय सेमेस्टर की 'फंडामेंटल्स ऑफ जेनेटिक्स' परीक्षा को निरस्त कर दिया है। यह परीक्षा उन्नीस अगस्त को आयोजित हुई थी। अब यह परीक्षा सितंबर के दूसरे सप्ताह में दोबारा आयोजित की जाएगी। इस संबंध में विश्वविद्यालय प्रबंधन ने रायपुर स्थित तेलीबांधा थाना में एफआईआर दर्ज करवाई है।

**रक्षाबंधन–01**

भाई–बहन के पवित्र स्नेह का प्रतीक रक्षाबंधन का त्यौहार आज छत्तीसगढ़ सहित देशभर में उत्साह और उमंग के साथ मनाया जा रहा है। आज के दिन बहन अपने भाई के हाथ में रक्षासूत्र बांधती है और उसकी लंबी उम्र की कामना करती है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रक्षाबंधन के अवसर पर लोगों को बधाई दी हैं। इस बीच, राज्यपाल रमेन डेका ने आज रायपुर के गायत्री नगर स्थित जगन्नाथ मंदिर पहुंचकर भगवान जगन्नाथ के दर्शन और विधिवत पूजा–अर्चना कर रक्षासूत्र बांधा। राज्यपाल ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों की सुख–समृद्धि और खुशहाली की कामना की। वहीं, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने रायपुर स्थित निवास में रक्षाबंधन का पर्व मनाया। इस मौके पर मुख्यमंत्री को विभिन्न स्कूलों की छात्राओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री को रक्षासूत्र बांधा और उनकी लंबी उम्र की कामना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

**रक्षाबंधन–02**

वहीं, रायपुर सहित प्रदेश की पांच केंद्रीय, बाईस जिला और छह उप जेलों रक्षाबंधन का त्यौहार उत्साह और सद्भाव के साथ मनाया गया। रायपुर सेंट्रल जेल में आज सुबह आठ बजे से दोपहर तीन बजे तक बहनों को बंदियों से मिलने और उन्हें राखी बांधने की अनुमति दी गई थी। जेल अधीक्षक योगेश सिंह क्षत्री ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए एक बंदी को राखी बांधने के लिए तीन बहनों को ही प्रवेश दिया गया।

इसी तरह, केन्द्रीय जेल परिसर दुर्ग में बंदियों से मिलने और उन्हें राखी बांधने पहुंची बहनों की सुरक्षा व्यवस्था के साथ दुर्ग पुलिस ने साइबर जागृति अभियान चलाया। इस दौरान साइबर टीम ने उपस्थित लोगों को ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, संदिग्ध लिंक, ओटीपी और डिजिटल धोखाधड़ी से बचने के उपाए बताए।

उधर, बीजापुर में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों ने बालिका बाल गृह छात्रावास की छात्राओं के साथ रक्षाबंधन का पर्व मनाया। छात्राओं ने अधिकारियों और जवानों को राखी बांधी और भाई–बहन के स्नेह का संदेश दिया।

वहीं, कांकेर जिले मे भानुप्रतापपुर क्षेत्र के ग्राम चौगेल में आत्मसमर्पित माओवादियों ने जिला रिजर्व गार्ड डीआरजी के जवानों को राखी बांधकर रक्षाबंधन का पर्व मनाया। इस मौके पर आत्मसमर्पित महिला माओवादियों ने बताया कि वे पहली बार रक्षाबंधन का त्योहार मना रही हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कौशल विकास प्रशिक्षण के माध्यम से उन्होंने राखी बनाना सीखा और आज उन्हीं हाथों से तैयार की गई राखी पुलिस जवानों की कलाई पर बांधना खास और भावुक अनुभव है।

**बाढ़–लापता सकुशल**

नेपाल में बाढ़ और भूस्खलन के बीच लापता रायपुर की मोनिका यादव के सकुषल होने की सूचना है। प्रषासन के अनुसार, महादेव घाट निवासी मोनिका बाईस अगस्त से नेपाल में थीं और बाढ़ के बाद से उनका परिजनों से संपर्क नहीं हो पा रहा था। राज्य सरकार ने सहायता के लिए टोल फ्री नंबर **एक शून्य सात शून्य (1070)** और कंट्रोल रूम नंबर **शून्य सात सात एक दो दो दो तीन चार सात एक** (0771–2223471) जारी किया है।

**विमान–हादसा**

बिलासपुर स्थित बिलासा देवी विमानतल पर आज नई दिल्ली से बिलासपुर पहुंची अलायंस एयर की फ्लाइट का टायर लैंडिंग के दौरान फट गया। साथ ही पहिया भी क्षतिग्रस्त हो गया है। फ्लाइट में सवार सभी यात्री सुरक्षित है। हादसे के बाद बिलासपुर से प्रयागराज जाने वाली फ्लाइट कैसिंल कर दी गई है।

**राष्ट्रीय खेल दिवस**

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर कल मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित होने वाले समारोह में खेल अलंकरणों के लिए चयनित खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और निर्णायकों को राज्य अलंकरण से सम्मानित करेंगे। पुरस्कार के लिए कुल बयासी खिलाड़ियों का चयन किया गया है। वहीं, मुख्यमंत्री ट्रॉफी के लिए पांच दलों के तैंतालीस खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को चुना गया है।

**कैबिनेट मंत्री दर्जा**

राज्य सरकार ने अलग–अलग निगम, बोर्ड और आयोग के अध्यक्षों और उपाध्यक्षों को कैबिनेट मंत्री और राज्य मंत्री का दर्जा दिया है। सामान्य प्रषासन विभाग द्वारा जारी आदेष के मुताबिक अट्ठारह पदाधिकारियों को मंत्री का दर्जा दिया गया है। इनमें तीन को कैबिनेट और पन्द्रह को राज्य मंत्री का दर्जा दिया गया है।

**भर्ती–विज्ञापन**

डाक विभाग ने ग्रामीण डाक सेवक भर्ती का नोटिफिकेषन जारी किया है। इसमें ब्रांच पोस्टमास्टर, असिस्टेंट ब्रांच पोस्टमास्टर और डाक सेवक के पद शामिल हैं। विभाग द्वारा पच्चीस हजार से ज्यादा पदों पर भर्ती की जाएगी। वन टाइम रजिस्ट्रेषन इकतीस अगस्त से उन्नीस सितंबर और आवेदन फीस भुगतान दो से इक्कीस सितंबर तक होगा।

इधर, छत्तीसगढ़ वन विभाग में वनरक्षकों के चौदह सौ से अधिक रिक्त पदों पर भर्ती की प्रक्रिया शुरू हो गई है। लिखित परीक्षा तेरह दिसंबर को आयोजित की जाएगी। वहीं, शारीरिक मापदंड और शारीरिक दक्षता परीक्षा में सफल अभ्यर्थी लिखित परीक्षा में शामिल होंगे।

**मौसम**

मौसम विभाग ने प्रदेश में अगले चौबीस घंटों के दौरान एक–दो स्थानों पर भारी वर्षा होने और आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी दी है। मौसम वैज्ञानिक डॉक्टर गायत्री वाणी ने बताया कि उत्तरप्रदेश और उससे लगे

जिलों में एक निम्नदाब का क्षेत्र बना हुआ है। साथ ही पश्चिम बंगाल की खाड़ी में एक चक्रीय चक्रवाती घेरा निर्मित है। इसके असर से प्रदेश में आगामी छह दिनों तक बारिश की गतिविधियों में वृद्धि होने की संभावना है।

**बातों–बातों–में**

श्रोताओं, प्रादेशिक समाचार एकांश के समसामयिक विषयों पर आधारित कार्यक्रम ''बातों–बातों में'' इस बार **'छत्तीसगढ़ पुलिस की ओर से चलाये जा रहे साइबर जागृति अभियान** पर केन्द्रित रहेगा। इसके तहत सहायक पुलिस महानिरीक्षक रोहित झा से ली गई भेंटवार्ता का प्रसारण किया जाएगा। इसका प्रसारण कल उनतीस अगस्त को आकाशवाणी केन्द्र रायपुर द्वारा एफ.एम. और प्राईमरी चैनल पर सुबह नौ बजे से किया जाएगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

**खनिज ब्लॉक्स–नीलामी**

प्रदेश में महत्वपूर्ण और रणनीतिक खनिज ब्लॉक्स की नीलामी को बढ़ावा देने के लिए इकतीस अगस्त को नवा रायपुर में रोड शो आयोजित किया जाएगा। भारत सरकार के खान मंत्रालय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और केंद्र तथा राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। केंद्र सरकार ने नीलामी की आठवीं किष्त में बीस खनिज ब्लॉक्स शामिल किए हैं। इनमें ग्रेफाइट, दुर्लभ मृदा तत्व, वैनेडियम, टाइटेनियम और टंगस्टन जैसे खनिज शामिल हैं। रोड शो में निवेष और नीलामी प्रक्रिया पर चर्चा होगी।

**गौधाम पशु–मौत**

बिलासपुर जिले के मस्तूरी विकासखंड के ओखर गौधाम में पिछले तीन दिनों में छह पशुओं की मृत्यु हुई है। पषु चिकित्सा विभाग की जांच रिपोर्ट के अनुसार, इनमें चार पशुओं की मौत वृद्धावस्था और दो की अन्य कारणों से हुई है। कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देष पर पषु चिकित्सा विभाग की टीम ने गौधाम का निरीक्षण कर मृत पशुओं का पोस्टमार्टम किया। जांच में हाल की अत्यधिक बारिष के कारण गौधाम परिसर में जलभराव की स्थिति सामने आई। गौधाम में करीब तीन सौ पषु मौजूद हैं। पषुओं की सुरक्षा के लिए सभी पषुओं को सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित करने के निर्देष दिए गए हैं।

**संक्षिप्त समाचार**

– श्री अमरनाथ यात्रा आज रक्षाबंधन के त्यौहार के साथ संपन्न हो गई। संतावन दिनों तक चलने वाली यह यात्रा इस साल तीन जुलाई को शुरू हुई थी।

– महासमुंद पुलिस ने नषे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक वाहन से से एक सौ सत्तर किलो से अधिक का गांजा जब्त किया है। इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। जब्त गांजे की अनुमानित कीमत पचासी लाख रूपए बताई गई है।

– रायगढ़ जिले में बीती रात एक बाइक दीवार से टकरा गई। इस हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>